तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 18 जून, 2025

13 अवैध कॉलोनियों पर चला डीटीपी का पीला पंजा


14 एक हफ्ते में 549 चालान, 12.57 लाख का जुर्माना


## खबर संक्षेप



### पंचधुनी तपस्या : 23 को होगा समापन

**सोनीपत।** दादा मोहनदास धाम, महंत योगी तपस्वी बाबा विजयनाथ महाराज की पंचधुनी तपस्या दादा गोसाई वाला के पास रोहतक रोड बैयांपुर में चल रही हैं। जोकि जारी है। महंत योगी बाबा विजयनाथ महाराज की इस तपस्या के साथ ही महिलाओं का संकीर्तन भी चल रहा है। 23 जून को तपस्या का समापन भंडारा लगाकर किया जाएगा।

### जिला प्रशासन द्वारा योग मैराथन आज

**सोनीपत।** आयुष विभाग के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि 21 वें जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत 18 जून को सुबह 6 बजे योग मैराथन का आयोजित होगी, जिसका उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार हरी झंडी दिखाकर लघु सचिवालय से रवाना करेंगे। इस दौरान नगराधीश डॉ. अनमोल सहित सभी अधिकारी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि योग मैराथन लघु सचिवालय से शुरू होगी और हैबिटेट क्लब के सामने से महलाना रोड़, तिरंगा चौक, छोटूराम चौक से होते हुए वापिस लघु सचिवालय में समाप्त होगी।

### बाइक चोरी की घटना में दूसरा आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना शहर गोहाना की पुलिस टीम ने बाइक चोरी की घटना में दूसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित जिला सोनीपत के गांव छतेहरा निवासी शिवम उर्फ शानु पुत्र बलराज है। गोहाना के आदर्श नगर निवासी धर्मेन्द्र पुत्र हरिसिंह 18 जुलाई 2024 को शहर में साईं मेडिकोज के पीछे वाली गली में अपनी बाइक को खड़ा करके किसी काम से चला गया था। जब वह वापस लौटा तो उसे बाइक नहीं मिली।

### चेन छीनने का आरोपित गिरफ्तार किया

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट कुंडली पुलिस ने गाड़ी चालक के साथ मारपीट कर सोने की चेन छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नितिन निवासी बढ़खालसा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। कुंडली निवासी महेंद्र ने गत 14 जून को शिकायत में बताया कि वह अपनी गाड़ी में दोस्तों के साथ लुधियाना जा रहा था। जब वह बिस्वामिल चौक के पास पहुंचा। उसी दौरान दो गाड़ियां आई। उसके गाड़ी को रुकवा लिया। गाड़ी से निकले युवकों ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट करने वाले निखिल को वह जानता था। हमलावरों ने उसे धमकी दी। उसके बाद उसकी चेन छीनकर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस तीन को पहले गिरफ्तार कर चुकी है और अब चौथा आरोपी पकड़ा गया है।

### वाहन चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** राई थाना सोनीपत पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितो को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विनय व अंशुल निवासी बागपत उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। कुंडली निवासी राकेश ने गत 28 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह किसी काम के लिए औद्योगिक क्षेत्र राई में आया हुआ था। किसी ने उसकी बाइक को चोरी कर लिया। जांच अधिकारी सिपाही सज्जन की टीम ने वारदात में शामिल आरोपितों को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है।

---

नगर निगम में वित्त एवं अनुबंध कमेटी की बैठक में मंजूरी

# शहर में 30 कार्यों पर 27.41 करोड़ रुपये खर्च होंगे, हर वार्ड में करवाया जाएगा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर के विकास को गति देने की दिशा में नगर निगम ने एक बड़ा कदम उठाया है। मंगलवार शाम को नगर निगम कार्यालय में आयोजित वित्त एवं अनुबंध समिति की बैठक में करीब 27.41 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले 30 से अधिक कार्यों को मंजूरी दी गई। बैठक में शहरभर में सीवर लाइन बिछाने, पुरानी पाइप लाइनों को बदलने, सड़कों, गलियों, चौपालों, सामुदायिक भवनों के निर्माण और नवीनीकरण जैसे कार्यों को स्वीकृति दी गई। विशेषतौर पर लगभी सभी वार्ड में विकास कार्यों को मंजूरी मिली है। इन सभी विकास कार्यों पर बैठक में उपस्थित लोगों ने सहमति जताई। बैठक की अध्यक्षता मेयर राजीव जैन ने की, संचालन निगमायुक्त हर्षित कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत, समिति सदस्य एवं निगम पार्षद सुरेंद्र नैय्यर सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में कुल 23 एजेंडे नए और 6 एजेंडे पुराने रखे गए थे। नए एजेंडों में से रेनीवैल की सड़क बनाने का 3 करोड़ रुपये का प्रस्ताव साइट विजीट तक स्थगित कर दिया गया। 6 पुराने एजेंडों में इंडियन कॉलोनी की नई सीवर लाइन, भीम नगर, कल्याण नगर की पुरानी सीवर लाइन, डबल स्टोरी की गलियां आदि बनाने पर मुहर लगाई गई।



**सोनीपत।** नगर निगम कार्यालय में वित्त एवं अनुबंध कमेटी की बैठक के दौरान मौजूद मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर एवं अन्य।

### सभी का ध्यान रखा

यह सभी कार्य नागरिकों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने और जीवनस्तर सुधारने के लिए महत्वपूर्ण हैं। जल निकासी, पेयजल, सड़क और सामुदायिक भवनों के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। नगर निगम की यह पहल न केवल बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करेगी, बल्कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति भी सुनिश्चित करेगी।

*-राजीव जैन, मेयर, नगर निगम, सोनीपत*

### वार्डों में ये होंगे विकास कार्य — सड़कें बनेंगी, सीवर लाइन ठीक करवाई जाएंगी

**वार्ड 1 :** कामी रोड पर 600 एमएम सीवर लाइन- 85.86 लाख खर्च होंगे, खिजर मकबरे से हनुमान नगर तक सीवर लाइन- 60.6 लाख खर्च होंगे

**वार्ड 2 :** सीवर लाइन बदलाव पर 1.05 करोड़, मीट मार्केट पुनर्निर्माण पर 68.57 लाख, संत कबीर भवन हॉल निर्माण पर 70.51 लाख खर्च होंगे

**वार्ड 4 :** सेक्टर 15 में स्टॉर्म वाटर लाइन के लिए 1.34 करोड़

**वार्ड 5 :** देवड़ू में पेयजल पाइप लाइन- 73.54 लाख खर्च होंगे

**वार्ड 6:** गढ़ शहजानपुर में सीवर लाइन के लिए 66.45 लाख

**वार्ड 8:** राई गांव में पेयजल लाइन के लिए 1.69 करोड़, लिवान गांव में पेयजल लाइन के लिए 79.17 लाख, लिवान में सड़कों के निर्माण पर 1.60 करोड़ खर्च किए जाएंगे।

**वार्ड 9 :** जगदीशपुर में चौपाल पर 65.04 लाख, राठधना व पटेल नगर में पेयजल लाइन पर 79.24 लाख और 88.35 लाख, राठधना श्मशान घाट पर 87.45 लाख, पटेल नगर की गलियां पर 1.19 करोड़, राठधना फिरनी पर 1.58 करोड़ खर्च होंगे

**वार्ड 10 :** सेक्टर-13 में सड़क मरम्मत पर 80.43 लाख खर्च

**वार्ड 11 :** : कल्याण नगर, भीम नगर, ज्ञान नगर सीवर लाइन के लिए 89.97 लाख मंजूर

**वार्ड 12 :** : डबल स्टोरी, तारानगर में गलियां पर 1.47 करोड़ खर्च

**वार्ड 13 :** शादीपुर में सामुदायिक भवन व सड़क पर 62.77 लाख खर्च किए जाएंगे।

**वार्ड 14:** ब्रह्म नगर, विशाल नगर सीवर लाइन के लिए 99.47 लाख मंजूर किए

**वार्ड 17 :** पत्थरों वाली गली के पुनर्निर्माण पर 58.61 लाख खर्च किए जाएंगे।

**वार्ड 18 :** : सेक्टर-23 में फुटपाथ निर्माण के लिए 1.23 करोड़

**वार्ड 19:** मयूर विहार की गलियों 95.34 लाख, इंडियन कॉलोनी सीवर लाइन पर 1.07 करोड़ खर्च किए जाएंगे।

**वार्ड 20 :** प्रगति नगर, जैन बाग कॉलोनी की गलियों पर 91.35 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

---

# एजेंसी पर अवैध रूप से भरी जा रही थी गैस, सीएम फ्लाइंग ने मारा छापा



**खरखौदा।** एजेंसी संचालक से पूछताछ करते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

मंगलवार को झरोठ गांव स्थित एनडी नांदल एचपी गैस एजेंसी पर सीएम फ्लाइंग ने छापा मारा। उक्त कार्रवाई खाद्य आपूर्ति विभाग और अग्निशमन विभाग की टीम ने मिलकर की। जांच के दौरान एजेंसी में काफी अनियमितताएं उजागर हुई हैं। जिन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जरूरी कागजात न मिलने पर खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर प्रवेश द्वारा एक लिखित शिकायत पुलिस को देते हुए गैस सिलेंडर और एजेंसी मालिक नरेश को पुलिस के हवाले कर दिया। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि एजेंसी पर एचपी के सिलेंडरों में से इंडेन व भारत गैस कंपनी के गैस सिलेंडरों से अवैध रूप से गैस भरी जा रही है। इसी आधार पर कार्रवाई करते हुए टीम ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। एजेंसी परिसर से इंडेन और भारत गैस कंपनी के सिलेंडर बरामद हुए, जो नियमों के विपरीत हैं। टीम को मौके से एचपी व इंडेन कंपनी के 400 से अधिक व्यावसायिक उपयोग वाले गैस सिलेंडर खाली अवस्था में मिले। जबकि अन्य कंपनियों के 350 के करीब सिलेंडर पाए गए। जिनका एजेंसी से कोई अधिकृत संबंध नहीं बताया गया।

### अग्निशमन उपकरण एक्सपायर्ड थे

जांच के दौरान यह भी पाया गया कि एजेंसी में रखे अग्निशमन उपकरण भी पूरी तरह से एक्सपायर्ड थे। गोदाम की व्यवस्था मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई और सिलेंडर गोदाम के बाहर खुले में रखे गए थे। सीएम फ्लाइंग की ओर से पहुंचे डीएसपी सुशील कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी गड़बड़ी पाई जाए, उसके अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए। टीम एजेंसी व गोदाम से संबंधित कागजातों की भी बारीकी से जांच की तो पाया कि एजेंसी संचालक के पास स्टाक रजिस्टर भी नहीं है, ऐसे में पता लगाया जाना मुश्किल है कि एजेंसी व गोदाम कितने गैस सिलेंडर आए और कितने बेचे गए।

---

# न्यायालय परिसर के सामने और मंदिर के रास्ते में खोला शराब का ठेका, विरोध तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

खरखौदा में न्यायालय परिसर के ठीक सामने शराब का ठेका खोला गया है, जो कि शहर के धार्मिक स्थल प्राचीन छपड़ेश्वर शिव मंदिर के नजदीक व उसके रास्ते में भी पड़ता है। जहां से रोजाना बड़ी संख्या में लागों का आवागमन होता है।

पहले चरण में खरखौदा बार एसोसिएशन की तरफ से नाराजगी जताते हुए एक ज्ञापन एसडीएम डा. निर्मल नागर को भी दिया गया है और मांग की गई है कि इस शराब को ठेके को अन्यत्र शिफ्ट किया जाए। हालांकि शराब ठेका संचालक का कहना है कि उन्होंने नियमों के तहत मंजूरी लेकर शराब का ठेका स्थापित किया है। उधर बार एसोसिएशन की दलील है कि न्याय के मंदिर व छपड़ेश्वर शिव मंदिर के साथ इस तरह से शराब का ठेका स्थापित नहीं होना चाहिए। एसडीएम डा. निर्मल नागर का कहना है कि इस संदर्भ में एक्साइज इंस्पेक्टर व अधिकारियों को मामले की गंभीरता से जांच करने के निर्देश जारी किए हैं, ताकि जनता की भावना को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई की जा सके।



**खरखौदा।** एसडीएम डॉ. निर्मल नागर को ज्ञापन सौंपते वकील।

---

# हरसाना कलां रेलवे स्टेशन के पास जनशताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आने से 12 गायों की जान गई, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरसाना कलां और राठधना रेलवे स्टेशनों के बीच मंगलवार को दर्दनाक हादसा हुआ। दिल्ली की ओर जा रही जनशताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आकर 12 गोवंश रेलवे ट्रैक पर घायल हो गए, जिनमें से 11 की मौत हो गई। एक गोवंश का इलाज पास की गोशाला में जारी है। यह हादसा सुबह लगभग 10:39 बजे हुआ जब अंबाला से दिल्ली जा रही जनशताब्दी एक्सप्रेस सोनीपत स्टेशन पार करने के बाद डाउन लाइन पर पहुंची। तभी ट्रैक पर अचानक कुछ बेसहारा गौवंश आ गए। ट्रेन की गति इतनी अधिक थी कि चालक के पास ब्रेक लगाने का समय नहीं था और 10 गौवंश मौके पर ही दम तोड़ बैठे। दो गंभीर रूप से घायल हुए, जिनमें से एक ने बाद में दम तोड़ दिया। रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर मनोज कुमार मीणा टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

### सीनियर डिप्टी मेयर ने गायों को दफनाया



**सोनीपत।** गायों को दफन करने के दौरान मौके पर मौजूद सीनियर डिप्टी मेयर एवं अन्य।

12 गायों की मौत की सूचना मिलते ही सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। मृत गायों के सम्मानजनक निपटान के लिए, राजीव सरोहा ने तत्काल सेनेटरी इंस्पेक्टर कृष्ण को बुलाया। उनकी देखरेख में मृत गायों को नगर निगम से जेसीबी मशीन बुलाकर दफनाया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस सोनीपत के जिला उपाध्यक्ष प्रिंस राजीव सरोहा भी मौजूद रहे।

### 15 मिनट खड़ी रही ट्रेन

घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। आसपास के ग्रामीण, गोरक्षा दल के सदस्य, रेलवे अधिकारी और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची। ट्रेन को रोका गया और लगभग 15 मिनट तक जनशताब्दी एक्सप्रेस घटनास्थल पर खड़ी रही। फिर सुबह 10:57 बजे ट्रेन को आगे रवाना किया गया।

### अभी केस दर्ज नहीं

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ये गौवंश संभवतः आसपास के खेतों से घास चरते हुए ट्रैक पर आ गए थे, जिस कारण यह हादसा हुआ। फिलहाल किसी के विरुद्ध मामला दर्ज नहीं किया गया है, लेकिन यदि किसी की लापरवाही सामने आती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

*-संगम यादव, प्रभारी, आरपीएफ थाना, सोनीपत।*

---

नागरिक अस्पताल में चरमरा रही व्यवस्था

# सॉफ्टवेयर में खराबी, दो दिन से बंद पड़ी एक्सरे सेवाएं, भटक रहे मरीज



**सोनीपत।** हड्डी रोग विशेषज्ञ की ओपीडी के गेट पर चस्पा नोटिस



बंद पड़ा एक्सरे विभाग में सॉफ्टवेयर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नागरिक अस्पताल में एक्सरे विभाग में मरीजों को मिलने वाली सेवाओं में दो दिन से उठक-पटक चल रही है। विभाग के कर्मचारियों द्वारा सॉफ्टवेयर में कमी आने का कारण बताया जा रहा है। दो दिन से मरीजों व मेडिकल जांच करवाने वाले आवेदकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चिकित्सक उन्हें खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर रहे है। प्रबंधन की तरफ से जल्द से जल्द समस्या को दूर करवाने की बात कही जा रही है।

बता दें कि नागरिक अस्पताल में मौजूदा समय में रजिस्ट्रेशन ओपीडी 2200 से ज्यादा दर्ज की जा रही है। वहीं एक्सरे विभाग में जांच करवाने वाले मरीज व मेडिकल करवाने वाले आवेदकों के एक्सरे नहीं हो रहे है। दो-तीन दिनों से सॉफ्टवेयर में तकनीकी खराबी आ गई है। विभाग के बाहर मरीज घंटों बीत जाने के बाद बिना एक्सरे के वापस लौट रहे है। वह कई घंटों तक कतार में खड़े रहे, लेकिन मशीन खराब होने की बात कहकर उन्हें लौटा दिया गया। कुछ मरीज ऐसे भी थे जिन्हें चिकित्सकों ने तत्काल एक्स-रे की सलाह दी थी, पर मशीन न चलने से इलाज में देरी हो गई। मजबूरी में उन्हें वापस जाना पड़ रहा है।

### हड्डी रोग चिकित्सक दो दिन से छुट्टी पर

नागरिक अस्पताल में मौजूदा समय में महज एक ही हड्डी रोग चिकित्सक है। चिकित्सक को पारिवारिक कार्यो व वीआईपी ड्यूटी, कोर्ट ड्यूटी सहित अन्य प्रशासनिक ड्यूटी करने के लिए भेज दिया जाता है। जिसके चलते अस्पताल में आने वाले मेडिकल प्रमाण पत्र के आवेदकों को कई-कई दिनों तक धक्के खाने पर मजबूर होना पड़ता है। गत दो दिनों से चिकित्सक छुट्टी पर चल रहा है। जिसके चलते मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### जल्द होगा समस्या का समाधान

पोर्टल के न चलने से एक्स-रे नहीं हो सके थे, जिसके कारण काम प्रभावित हुआ है। तकनीकी खामी को ठीक करने के लिए इंजीनियर को बुलाया गया है, जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा। मरीजों की सुविधा के लिए जरूरी कदम उठाने का काम समय पर किया जा रहा है।

*-डॉ. संदीप लठवाल, मीडिया प्रभारी।*

---

# सुबह उमस से बेहाल, दोपहर बाद बूंदाबांदी सप्ताह के अंत में अच्छी बारिश की उम्मीद

- मौसम ने ली राहत की करवट, अगले कुछ दिनों तक बादलों की आवाजाही की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

लगातार दूसरे दिन भी आसमान से राहत की बूंदें बरसी। लगभग पूरा दिन चली बूंदाबांदी की वजह से गर्मी से तो छुटकारा मिल गया, लेकिन उमस ने सिरदर्दी बढ़ा दी है। सुबह जहां चिपचिपी उमस ने लोगों को बेहाल किया, वहीं दोपहर बाद मौसम ने राहत की करवट ली। आसमान पर घने बादल छा गए और हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और वातावरण कुछ हद तक सुहावना हो गया। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से कम रहा। अगले कुछ दिन बादलों की आवाजाही बनी रहेगी और सप्ताह के अंत में अच्छी वर्षा की संभावना है।

### तापमान में गिरावट बरकरार, 32 डिग्री पर रहा पारा



**सोनीपत।** हल्की बूंदाबांदी के बीच गुजरते वाहन।

### किसानों के लिए संजीवनी बनी बरसात

मौसम में हुए इस बदलाव से किसानों को भी राहत मिली है। वर्तमान में धान की रोपाई का समय चल रहा है और किसान खेत तैयार करने में जुटे हैं। ऐसे में यदि वर्षा होती है तो यह उनके लिए संजीवनी समान होगी। सिंचाई पर होने वाला खर्च बचेगा और खेतों की नमी बनी रहेगी, जिससे फसलों की जड़ों को मजबूती मिलेगी।

### आंधी की चेतावनी

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर मैदानी इलाकों में दिखाई दे रहा है। इसके चलते 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, गरज-चमक के साथ आंधी आने और कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना बनी हुई है।

### बादल छाए रहेंगे

मौसम लगातार परिवर्तनशील बना हुआ है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मंगलवार को दोपहर बाद आसमान पर बादल छा गए और बूंदाबांदी शुरू हो गई। आगामी दिनों में आंशिक बादल छाए रहेंगे और सप्ताह के अंत में वर्षा का पूर्वानुमान है।

*-डॉ. प्रेमदीप सिंह, मौसम वैज्ञानिक, केवीके, जगदीशपुर*




# सितारे जमीन पर बिना किसी कट के हुई पास

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। उनकी मच अवेटेड फिल्म सितारे जमीन पर को आखिरकार सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से हरी झंडी मिल गई है। खास बात ये है कि सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को बिना किसी कट के थिएटर में रिलीज करने की अनुमति दी है, जिससे आमिर के फैंस के बीच उत्साह दोगुना हो गया है। ये फिल्म 20 जून 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। फिल्म की रिलीज से पहले इसे लेकर कुछ अड़चनों का सामना करना पड़ा था। सीबीएफसी की ओर से फिल्म में दो बदलाव करने का सुझाव दिया गया था, जिसके बाद फिल्म की रिलीज को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई थी।

लाइफ Style

# जेनेलिया

## रोज 10 घंटे काम करती हूं, मुश्किल है, असंभव नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा से जब वर्क-लाइफ बैलेंस से जुड़ा सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वे हर दिन 10 घंटे काम करती हैं। जेनेलिया डिसूजा फिल्म 'सितारे जमीन पर' फिल्म में नजर आएंगी, जो इसी महीने रिलीज होगी। हाल ही में जेनेलिया डिसूजा ने बताया कि वे अपनी निजी जिंदगी को कैसे मैनेज करती हैं? अभिनेत्री ने कहा कि डायरेक्टर जब काम के घंटे बढ़ा देते हैं तो वे एडजस्टमेंट कर लेती हैं। जेनेलिया ने कहा, 'यह मुश्किल है, लेकिन असंभव नहीं है। मैं दिन में 10 घंटे काम करती हूं और ऐसे दिन भी आते हैं जब डायरेक्टर इसे बढ़ाकर 11 या 12 घंटे करने के लिए कहते हैं'।

जेनेलिया डिसूजा ने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि यह ठीक है, लेकिन हमें उन एडजस्टमेंट को करने के लिए समय चाहिए। जब आपके पास एक या दो दिन होते हैं, जब आपको ज्यादा काम करना पड़ता है। यह एक आपसी समझ और प्रोसेस भी है, जिसकी जरूरत है'। काम के घंटों को लेकर जेनेलिया की टिप्पणी ऐसे वक्त में आई है, जब फिल्म 'स्पिरिट' से दीपिका के बाहर होने के बाद शिफ्ट टाइमिंग को लेकर बहस छिड़ी है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित फिल्म 'स्पिरिट' में दीपिका पादुकोण काम करने वाली थीं। मगर, उन्होंने आठ घंटे की शिफ्ट करने की शर्त रखी।


अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने जब से फिल्म 'स्पिरिट' छोड़ी है, इंडस्ट्री में शिफ्ट टाइमिंग और वर्क-लाइफ बैलेंस को लेकर चर्चा छिड़ गई है। दरअसल, दीपिका ने निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा से आठ घंटे की शिफ्ट करने की शर्त रखी थी। इस पर सहमति नहीं बनने पर दीपिका ने फिल्म छोड़ दी। इसके बाद कई सितारे दीपिका के बचाव में आ चुके हैं।

हॉलीवुड मसाला

# शो कैंसिल होने पर भड़क उठे लोग



**लॉस एंजिल्स।** कोलंबियाई सिंगर शकीरा का टेक्सास में होनेवाला कॉन्सर्ट पोस्टपोन कर दिया गया है, जिसके में लोगों में इसे लेकर काफी गुस्सा है। शकीरा के फैन्स उस समय भड़क गए जब सैन एंटोनियो के अलामोडोम में शुक्रवार रात को होने वाले उनके कॉन्सर्ट को कथित स्ट्रक्चरल इशूज़ के कारण अंतिम समय पर पोस्टपोन कर दिया गया। इस अनाउंसमेंट से पहले कॉन्सर्ट जाने वालों ने कई तस्वीरें और वीडियोज़ शेयर किए थे जिसमें चिलचिलाती गर्मी में स्टेडियम के बाहर फैन्स की लंबी लाइन नजर आ रही है। कई फैन्स ने कहा कि उन्हें अंदर जाने से पहले काफी देर तक बाहर रोक कर रखा गया।



# जिंदगी मुश्किल है, मुझे बहुत गुस्सा आता है!

**लॉस एंजिल्स।** अपने गानों से पूरी दुनिया को थिरकाने वाले सिंगर जस्टिन बीबर इन दिनों पर्सनल लाइफ के कारण चर्चा में बने हुए हैं। जिस तरह से वो सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर कर रहे हैं और उनपर जो कैप्शन लिख रहे हैं, उससे यूजर्स तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। उनकी मेंटल हेल्थ से लेकर बीवी हैली बीबर संग अनबन को लेकर अफवाएं उड़ रही हैं। अब पहली बार जस्टिन ने इनपर रिएक्ट किया है। उन्होंने लिखा कि वो अपने बारे में सोचकर 'थक' गए हैं। उन्होंने गुस्सा आने की बात का भी जिक्र किया है। इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'लोग मुझे ठीक होने के लिए कहते रहते हैं। क्या आपको नहीं लगता कि अगर मैं खुद को ठीक कर सकता, तो मैं पहले ही कर चुका होता? मुझे पता है कि मैं टूट चुका हूं। मुझे पता है कि मुझे गुस्सा आता है। मैंने अपनी पूरी जिंदगी उन लोगों की तरह बनने की कोशिश की, जिन्होंने मुझसे कहा था कि मुझे उनके जैसा ठीक होना चाहिए।



# तलाक की अफवाहों पर लगाया ब्रेक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के बीच तलाक की अफवाहें एक बार फिर फैल रही हैं। वजह है सुनीता द्वारा अपने नाम से 'आहूजा' सरनेम हटाना और नाम में एक अतिरिक्त 'एस' जोड़ना। इस छोटे से बदलाव ने सोशल मीडिया पर बड़ी हलचल मचा दी है। तलाक की अटकलें एक बार फिर तूल पकड़ने लगीं, लेकिन. अब सुनीता ने खुद सामने आकर इन सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया है। एक इंटरव्यू में सुनीता आहूजा ने स्पष्ट किया कि उनके नाम में किया गया ये बदलाव किसी भी पारिवारिक समस्या या तलाक से संबंधित नहीं है। उन्होंने बताया कि ये फैसला उन्होंने न्यूमरोलॉजी के मुताबिक लिया है। सुनीता ने कहा कि उन्होंने 'आहूजा' सरनेम हटाया और अपने नाम में एक अतिरिक्त 'एस' जोड़ा ताकि उन्हें नाम और शोहरत मिल सके।



# आशा भोसले के साथ 25 साल बाद गाया गाना

**मुंबई।** गायक अदनान सामी ने हाल ही में दिग्गज गायिका आशा भोसले के साथ गाना गाया है। उन्होंने आशा भोसले के साथ गाना गाने का अनुभव साझा किया है। उन्होंने आशा भोसले के साथ 'आओ ना' गाना गाया है। इस गाने में ईशा सिंह और अविनाश मिश्रा अदाकारी करेंगे। उन्होंने बताया है कि वह 'कभी तो नजर मिलाओ' के 25 साल के बाद उनके साथ एक गाने पर काम कर रहे हैं। एक बातचीत में अदनान सामी ने कहा 'आशा भोसले जी के साथ मेरा आखिरी बार गाना 25 साल पहले रिलीज हुआ था। यह गाना 'कभी तो नजर मिलाओ' था। उसके बाद हमने कई गाने किए। लेकिन, हमने कोई स्वतंत्र गाना नहीं किया। हमने कोई एकल गाना नहीं किया। इसलिए हमारी लंबे समय से इच्छा थी।' अदनान सामी ने कहा कि लोग भी चाहते

टीवी मसाला



# खूब हिट रहीं ये ऑनस्क्रीन जोड़ी किरदार के नाम से पहचानते हैं लोग

**नई दिल्ली।** बड़े पर्दे और ओटीटी का अलग जलवा है। मगर, छोटे पर्दे का दर्शक वर्ग भी कम बड़ा नहीं है। यहां की कुछ जोड़ियां खूब लोकप्रिय हुई हैं। हाल ही में 'बड़े अच्छे लगते हैं' का नया सीजन शुरू हुआ है। इस बार शो में नई जोड़ी ऋषभ (हर्षद चोपड़ा) और भाग्यश्री (शिवांगी जोशी) से मिलवाया गया है। टीवी की दुनिया में ऐसी कई ऑनस्क्रीन जोड़ी रहीं, जिनके नाम दर्शकों को आज भी याद हैं। साल 2001 में शुरू हुए इस सीरिलय ने दर्शकों का खूब प्यार बटोरा। प्रेरणा और अनुराग बसु की जोड़ी ने तहलका मचा दिया। प्रेरणा की भूमिका अभिनेत्री श्वेता तिवारी ने निभाई। वहीं, अनुराग बसु का रोल सीजेन खान ने निभाया। दोनों ने इस सीरियल से जो लोकप्रियता पाई, उसका मुकाबला नहीं। यह सीरियल 2008 में खत्म हुआ। क्योंकि सास भी कभी बहू थी सीरियल ने छोटे पर्दे पर तहलका मचा दिया था। तुलसी का किरदार स्मृति ईरानी ने निभाया, जो अब राजनीति की दुनिया में सक्रिय हैं। वहीं, मिहिर की भूमिका अमर उपाध्याय ने निभाई। हालांकि, बाद में मिहिर के किरदार में अमर उपाध्याय को रिप्लेस किया गया और यह किरदार इंद्र कुमार और रोनित रॉय ने निभाए। तुलसी और मिहिर विरानी की जोड़ी ऑनस्क्रीन हिट रही। टीवी शो 'कहीं तो होगा' भी खूब हिट रहा। साल 2007 में आए इस सीरियल में कशिश और सुजल की लव स्टोरी दिखाई गई। कशिश का रोल आमना शरीफ ने निभाया। वहीं, सुजल की भूमिका में राजीव खंडेलवाल दिखे।

## पहले एपिसोड से ही हर्षद-शिवांगी ने जीता दिल

**नई दिल्ली।** एकता कपूर के शो बड़े अच्छे लगते हैं नया सीजन शुरू हो गया है। 16 जून को शो का पहला एपिसोड ऑनएयर हुआ है। शो में हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी लीड रोल में नजर आए हैं। पहला एपिसोड देखते ही लोग एक बार फिर इन दोनों के फैन हो गए हैं। पहले एपिसोड को



लोगों का काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। हर्षद चोपड़ा को ऐसे लुक में देखकर उनकी फीमेल फैंस एक बार फिर खुश हो गई हैं। सोशल मीडिया पर इस एपिसोड की खूब तारीफ हो रही है। पहले एपिसोड से ही लोगों का कनेक्शन इस शो से बन गया है। हर्षद चोपड़ा को लोगों का खूब प्यार मिल रहा है। सबसे ज्यादा हर्द की एंट्री की तारीफ हो रही है। फैंस अभी से दूसरे एपिसोड का इंतजार कर रहे हैं। पहले एपिसोड को देखकर लग रहा है कि ये कहानी फेक शादी से शुरू होकर प्यार होने तक चलेगी. इस तरह की स्टोरी पहले कभी टीवी पर देखने को नहीं मिली है। फैंस को इंतजार है कि ऋषभ और भाग्यश्री क्या जादू दिखाते हैं। पहला एपिसोड देखने के बाद लोग सोशल मीडिया पर इसकी तारीफ कर रहे हैं।

# वॉर 2 के टीजर में ऋतिक के कूल लुक का खुला राज

**मुंबई।** फिल्म वॉर 2 में यशराज फिल्म्स की जासूसी दुनिया का सबसे लोकप्रिय जासूस कबीर फिर से लौट रहा है। कबीर को इस बार एक अलग लुक के साथ पेश करने की जिम्मेदारी मिली है, अनाइता श्रॉफ अदजानिया को। अनाइता ने इस फिल्म के लिए खूब सारी रिसर्च की है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की कॉस्ट्यूम पर अपना ध्यान दिया है और अपनी स्टाइलिंग से ये दिखाने की कोशिश की है कि बिना तड़क भड़क वाले कपड़ों के भी कोई सितारा कैसे सबका दुलारा बन सकता है!



ऋतिक रोशन के दीवाने पूरी दुनिया में हैं। अपनी चुंबकीय शख्सियत से वह युवाओं के साथ-साथ बच्चों व किशोरों को भी बीते 25 साल से अपना दीवाना बनाते आ रहे हैं। खुद को सुपरहीरो के रूप में पेश करने वाली फिल्म कृष की अगली कड़ी में वह निर्देशक भी बनने जा रहे हैं। हालांकि, कम लोगों को ही पता होगा कि उन्होंने सिनेमा में अपनी शुरुआत अपने पिता राकेश रोशन के साथ सहायक निर्देशक के तौर पर ही की थी। फिल्म वॉर 2 इसलिए भी खास है, क्योंकि इस फिल्म की रिलीज के बाद ऋतिक सीधे कृष 4 में दिखेंगे। फिल्म वॉर में ऋतिक रोशन के किरदार कबीर को दर्शकों ने एक खास अंदाज के साथ देखा है और उस अंदाज को और निखारने की जिम्मेदारी जब इसकी सीक्वल में कॉस्ट्यूम डिजाइनर अनाइता श्रॉफ अदजानिया को मिली तो उन्होंने इसे चुनौती के तौर पर लिया। अनाइता कहती हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली रही हूं कि मुझे ऋतिक के साथ धूम 2, बैंग बैंग जैसी फिल्मों में काम करने का मौका मिला।

# 'आप जैसा कोई' 11 जुलाई में होगी रिलीज

**मुंबई।** एक्टर आर. माधवन और फातिमा सना शेख की आगामी फिल्म 'आप जैसा कोई' की रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 11 जुलाई को रिलीज होगी। मंगलवार को नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट बताई है। फिल्म 11 जुलाई से स्ट्रीम होगी। मंगलवार को जारी हुए पोस्टर में फातिमा और माधवन रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। दोनों एक बैंच पर बैठे हैं और एक-दूसरे को निहारते हुए मुस्कुरा रहे हैं। इस पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'इस रॉमकॉम को 'आप जैसा कोई' का इंतजार था। माधवन और फातिमा को 'आप जैसा कोई' में प्यार तलाशते हुए देखें। बता दें कि यह एक रोमांटिक फिल्म है, जिसे विवेक सोनी ने निर्देशित किया है। फिल्म 'आप जैसा कोई' को करण जौहर की धर्माटिक एंटरटेनमेंट ने बनाया है। यह दो अलग-अलग व्यक्तियों की दिल छू लेने वाली प्रेम कहानी है। नेटफ्लिक्स के पोस्ट पर



नेटिजन्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'माधवन के साथ कंगना ज्यादा अच्छी लगतीं'। एक यूजर ने लिखा, 'फाइनली हम माधवन को फिर से मैडी वाले अवतार में देख पाएंगे'। इस फिल्स से पहले आर माधवन फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' में नजर आए थे। 'केसर 2' में माधवन के अलावा अक्षय कुमार और अनन्या पांडे ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म भी अब ओटटी पर उपलब्ध है।

## अधूरी प्रेम कहानी : उसी ने बनाया कॅरियर और कर दिया बर्बाद भी

# शादीशुदा एक्टर ने एक गरीब लड़की को बना दिया सुपरहिट हीरोइन

हिंदी सिनेमा में कई लवस्टोरीज ऐसी हैं जिनके बारे में तो सब जानते हैं। मगर, कुछ प्रेम कहानियां ऐसी हैं जो दर्शकों तक कम ही पहुंच पाती है। एक कहानी है अरुणा ईरानी और महमूद की भी। शादीशुदा महमूद का और अरुणा एक-दूसरे के करीब आ चुके थे। खुद एक्ट्रेस ने भी अपने रिलेशनशिप की बात कबूल की थी। मगर, फिर एक कारण के चलते दोनों के रास्ते अलग हो गए और ये प्रेम कहानी अधूरी रह गई। हाल में ही एक इंटरव्यू में अरुणा ईरानी ने खुलकर इस बारे में बात की। उन्होंने ये भी कहा कि महमूद ने ही उनका कॅरियर बनाया और बर्बाद भी कर दिया।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

78 साल की अरुणा ईरानी ने कहा, 'डांस डायरेक्टर सुरेश भट्ट ने मुझसे कहा था कि तू महमूद को घास डाल। वही एक ऐसे इंसान हैं जो तुझे काम दे सकते हैं। लेकिन, मैं थी कि ज्यादा कुछ नहीं कहती थी, सिर्फ हां या न महमूद को जवाब देती थी। फिर महमूद ने मुझे काम देना शुरू कर दिया। धीरे धीरे उनके दिल में मेरे प्रति एक सॉफ्ट कॉर्नर बन गया। मैंने उनके जरिए फेम, पैसा, नाम और बहुत कुछ देखा। फिर मैं सोचती थी कि मैं कब तक इस आदमी को बेवकूफ बनाऊंगी। फिर हम दोनों अच्छे दोस्त और दोस्त से भी ज्यादा करीब आ गए। लेकिन, ये उनके लिए ये इतना ही था।'



### गरीब परिवार से आती थीं

अरुणा ईरानी ने खुलासा किया कि कैसे उन्होंने काम पाने के लिए एक्टर को खुश करने का हर संभव कोशिश की थी। इसके बदले उन्होंने भी एक्ट्रेस का करियर संवारा था। ईरानी ने स्वीकार किया कि उन्होंने हद से बाहर जाकर उनकी खुशामत की। उन्होंने कहा, 'मैं बहुत ही गरीब फैमिली से आती हूं। मैंने पहली बार पैसा शौहरत और सब कुछ देखा था।'

### शादीशुदा थे महमूद

अरुणा ईरानी ने वो किस्सा भी याद किया जब विनोद खन्ना ने महमूद से कहा था कि क्या सच में वह फिल्म में उनकी लीड हीरोइन होंगी? उन्होंने महमूद से ये भी कहा कि क्या वह शादीशुदा हैं। महमूद ने तब ईरानी की ओर देखा और मुस्कुरा दिया। लेकिन, कुछ कहा नहीं। अरुणा ने कहा कि महमूद ने मेरा कॅरियर बनाया और बर्बाद भी कर दिया।

### ब्रेकअप की वजह

*इस इंटरव्यू में वेटरन जर्नलिस्ट भारती एस प्रधान ने एक्ट्रेस को बताते हुए कहा, 'महमूद भाई ने मुझसे कहा हमें ब्रेकअप करना पड़ा, क्योंकि मेरी पत्नी को ये अच्छा नहीं लगा। अरुणा तो शादी करना चाहती थीं, लेकिन मैं शादी न कर सका। उन्होंने मुझे ये कारण बताया था, लेकिन आप बताओ क्या कारण था।'*

### पत्नी ने करवाया अलग

*फिर अरुण ईरानी अपने हिस्से की बात बताती हैं, 'उनकी फैमिली उन्हें मेरे साथ काम करने से भी रोकती थी। उसके बाद मेरा कोई रिश्ता उनके साथ नहीं था। लेकिन, मेरी बहुत सारी जिम्मेदारियां थीं अपने परिवार को लेकर। मुझे इस ब्रेकअप के बाद किसी ने काम नहीं दिया। मैंने फिर गाने करने शुरू कर दिया। लेकिन, मुझे इस बात का कोई पछतावा नहीं कि कैसे में लीड हीरोइन से डांस करने लगीं। मैं बस कमाना चाहती थी। '*

## खबर संक्षेप

### प्रबंधक व कर्मचारी पर छेड़खानी का आरोप

**गन्नौर।** गन्नौर थाना क्षेत्र निवासी महिला ने नई अनाज मंडी में स्थित कापरेटिव सोसाइटी के प्रबंधक व एक कर्मचारी के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी है। शिकायत में पीडित महिला ने बताया कि प्रबंधक प्रवीण राणा और कर्मचारी सुल्तान उसके साथ गोदाम में छेड़खानी करते हैं। जब वह विरोध करती है तो आरोपित उसे बाउंसर से पिटवाने ओर पेट्रोल डालकर आग लगाने की धमकी देते है। गन्नौर पुलिस ने शिकायत पर आरोपित प्रवीण राणा व सुल्तान के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी जसपाल सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### खांडा में होगा उपमंडल स्तरीय योग दिवस

**खरखौदा।** उपमंडल स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय विश्व योग दिवस खांडा गांव में स्थित बंदा वीर बहादुर बैरागी सैन्य स्मारक स्थल श्रीराम मंदिर अखाड़ा मठ स्थल पर होगा। मंगलवार को एसडीएम डा.निर्मल नागर ने उपमंडल स्तर के अधिकारियों की मीटिंग ली। 20 जून को रिहर्सल व 21 जून को योग दिवस के अवसर पर सभी कर्मचारियों को भाग लेने के निर्देश दिए हैं। ड्यूटी तय कर व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। साथ ही ये भी स्पष्ट कहा गया है कि जो कर्मचारी 21 जून को योगा दिवस में भाग नहीं लेगा, उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। जो कर्मचारी बीमार है, वह भी आएंगे। चाहे वे योग करें या न करे वे योग देखेंगे अवश्य।

### दुकान के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**गन्नौर।** खुबड़ू पर साई मोबाइल दुकान के बाहर से दुकानदार की बाइक चोरी कर ले गया। चोरी की वारदात आसपास की दुकानदारों की दुकान पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसमें चोर बाइक को चोरी करके ले जाते दिखाई दे रहा है । चोरी की शिकायत दुकानदार ने थाना पुलिस को दी। शिकायत के बाद पुलिस में चोरी का मामला दर्ज किया। शिकायत में राजलू गढ़ी निवासी पवन ने बताया कि दुकान किराए पर लेकर दुकान चलाता हूं । शिकायत में दुकानदार ने बताया कि उसने मोटरसाइकिल को दुकान के बाहर खड़ी किया हुआ था।

### हर बूथ पर 25 पौधे लगाए जाएंगे: ढाका

**रोहतक।** बीजेपी जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका ने कहा है कि पांच जून से पांच अगस्त तक चलाएं जा रहे वृक्षारोपण अभियान के तहत अन्य के अतिरिक्त हर बूथ पर पच्चीस पच्चीस पौधे लगाए जाएंगे ताकि रोहतक जिला पर्यावरण संरक्षण में दूसरे जिलों के लिए एक प्रेरणा स्रोत बन सके। वे मंगलवार को सिंचाई विश्राम गृह में अपने हाथों से पौधा लगाकर उपस्थितजन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के दृष्टिगत भावी पीढ़ी के जीवन संरक्षण के लिए धरती को पेड़ लगाकर हरा भरा करना समय की ज्वलंत मांग है। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी ही नहीं बल्कि सभी नागरिकों का दायित्व है कि वे वृक्षारोपण एवं सीड बाल के माध्यम से सघन पोधरोपण करें।

साइबर ठगों ने टास्क पूरा कर रुपये कमाने का दिया था लालच

# ऑनलाइन कमाई का लालच दे दो युवकों से 21 लाख की ठगी

इसके बाद कमाई बढ़ाने का लालच देकर खातों में रुपये ट्रांसफर करवाए गांव पवसरा के सन्नी और फाजिलपुर के अंग्रेज के साथ ठगी

## शुरुआत में टास्क पूरे करने पर रुपये दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

घर बैठे आनलाइन कमाई का लालच देकर दो युवकों से 21 लाख रुपये ठगी का मामला सामने आया है। दोनों की पीड़ितों को साइबर ठगों ने टास्क पूरा कर रुपये कमाने की लालच दिया था। विश्वास जीतने के लिए शुरुआत में उन्हें टास्क पूरे करने पर रुपये दिए भी गए। बाद में ज्यादा कमाई का लालच देकर उनसे रुपये ट्रांसफर करवाए गए। शिकायत पर थाना साइबर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। गांव पवसरा निवासी सन्नी को 31 मई को एक टेलीग्राम लिंक के माध्यम से एजोआइओ से वर्क फ्राम होम का निमंत्रण मिला। उसे बताया गया कि गूगल टास्क घर बैठे आनलाइन कमाई का लालच देकर दो युवकों से 21 लाख रुपये ठगी का मामला सामने आया है। दोनों की पीड़ितों को साइबर ठगों ने टास्क पूरा कर रुपये कमाने की लालच दिया था। विश्वास जीतने के लिए शुरुआत में उन्हें टास्क पूरे करने पर रुपये दिए भी गए। बाद में ज्यादा कमाई का लालच देकर उनसे रुपये ट्रांसफर करवाए गए। पूरे करके पैसे कमाए जा सकते हैं। शुरुआत में उसे 25 प्रश्नों वाले एक टास्क के लिए 606 रुपये मिले, जिससे उसका विश्वास बढ़ा। इसके बाद उसे प्रीपेड टास्क के लिए पैसे जमा करने को कहा गया। सन्नी ने पहला टास्क 8700 रुपयेपूरा किया और उसे 6932 रुपये वापस भी मिल, लेकिन इसके बाद ठगों ने पैसे दोगुना करने का लालच देकर विभिन्न खातों में 13,59,560 रुपये की राशि विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर करवा ली। जब सन्नी ने अपने पैसे वापस मांगे, तो ठगों ने टैक्स भरने का बहाना बनाया और रकम देने से इनकार कर दिया। सन्नी ने 1930 पर शिकायत दी। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।



### जागरूक होने की जरूरत

साइबर अपराधी पहले लोगों की व्यक्तिगत जानकारी इंटरनेट मीडिया या अन्य आनलाइन प्लेटफार्म से जुटाते है। इसके बाद वाट्सएप या अन्य मैसेजिंग एप के काल या वाट्सएप काल के जरिए संपर्क करते है। घर बैठे कमाई का लालच देकर टास्क पूरा कर रुपये कमाने का लालच देते है। साइबर ठगी से बचने के लिए जागरूक होने की जरूरत है। *बसंत कुमार, प्रभारी, थाना साइबर।*

### अंग्रेज से ठग लिए 7.45 लाख रुपये

दूसरे मामले में साइबर ठगों ने गांव फाजिलपुर के रहने वाले अंग्रेज से 7.45 लाख रुपये की ठगी की है। अंग्रेज ने पुलिस नके बताया कि दो जून को उनके वाट्सएप नंबर पर टास्क पूरे कर कमाई करने का मैसेज आया था। जिसके बाद उसे टेलीग्राम लिंक के जरिए जोड़ लिया। शुरुआत में उसे टास्क पूरे करने पर रुपये भी दिए गए। बाद में उससे भी ठगों ने ज्यादा कमाई का लालच देकर रुपये खातों में डलवाए। बाद में रुपये निकाले लगे तो रुपये नहीं निकाल पाए। अपने स्तर पर जांच की तो फर्जी वेबसाइट और कागजों के आधार पर खुलवाएं खातों के जरिए उससे धोखाधड़ी की गई है।

# सोनीपत: अवैध निर्माणों के खिलाफ डीटीपी विभाग ने चलाया पीला पंजा

- पट्टी जाटान की राजस्व भूमि पर बने 20 डीपीसी और कच्चे रास्तें ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) अजमेर सिंह ने बताया कि जिले में पनप रही अवैध कॉलोनियों और निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त करने के लिए सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को अवैध निर्माणों के खिलाफ डीटीपी का पीला पंजा चला, जिसके तहत गांव पट्टी जाटान की राजस्व सम्पदा में 2.5 एकड़ भूमि पर बने अवैध 20 डीपीसी व कच्चा रास्तों को ध्वस्त किया गया। डीटीपी अजमेर सिंह ने आमजन से अपील करते कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा जैसे सडक, पानी, सीवरेज या बिजली प्रदान नहीं की जाती। इससे आपकी मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ सकती है।



**सोनीपत।** जेसीबी द्वारा अवैध निर्माण को गिराते हुए। *फोटो :हरिभूमि*



**सोनीपत।** योग प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान योग करते प्रतिभागी। *फोटो :हरिभूमि*

### योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया

**सोनीपत।** 21 जून को आयोजित होने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हैबीटेट क्लब में योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आयुष विभाग के योग सहायकों द्वारा योग क्रियाओं के बारे में प्रशिक्षित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी प्रवीण कुमारी ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में योग को जरूर अपनाना चाहिए क्योंकि योग करोगे तो निरोग रहोगे। उन्होंने कहा कि योग को हर घर तक पहुंचाने के लिए ही हर वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग से मन को आनंद और शांति मिलती है। इससे सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है। सभी नागरिकों को योग के लिए समय निकालना चाहिए।

### बाइक चोरी की घटना में आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना महिला खानुपर कलां की पुलिस टीम ने बाइक चोरी करने की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गांव मोई माजरी निवासी राजेश उर्फ सुभाष पुत्र जगमेन्द्र है। गांव शामड़ी निवासी सुनील पुत्र हवा सिंह 2 मार्च को गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज में दाखिल अपने चाचा का खाना देने के लिए आया था। वह अपनी बाइक को अस्पताल की पार्किंग में खड़ी करके वार्ड में खाना देने के लिए चला गया। जब वापस आया तो बाइक गायब मिली। थाना महिला खानपुर की अनुसंधान टीम में नियुक्त महिला सहायक उप निरिक्षक पूजा ने घटना में संलिप्त उक्त आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित को कोर्ट मे पेश कर उसके आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# महज डेढ़ साल में ही टूटी सड़क, रोष

- माडल संस्कृति स्कूल से गढ़ी केसरी बैडमिंटन हाल तक बनाई थी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

माडल संस्कृति स्कूल से गढ़ी केसरी बैडमिंटन हाल तक बनाई गई सड़क महज डेढ़ साल में ही टूटने लगी है। सड़क की जगह-जगह से परत उखड़ चुकी है और गड्ढे बन गए हैं। इससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, नगरपालिका द्वारा खेल स्टेडियम से लेकर राजकीय माडल संस्कृति स्कूल तक सड़क सुदृढ़ीकरण पर करीब 54.63 लाख रुपये की राशि खर्च की गई थी। लेकिन निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर अब स्थानीय लोगों ने सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी राशि खर्च करने के बावजूद सड़क मात्र कुछ ही महीनों में उखड़ गई, जो साफ तौर पर निर्माण में लापरवाही और घटिया सामग्री के इस्तेमाल की ओर इशारा करता है। स्थानीय निवासी ने बताया कि सड़क की खराब हालत के कारण बच्चों को स्कूल जाते समय परेशानी होती है। इस संबंध में नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि सड़क की स्थिति का जल्द ही निरीक्षण कराया जाएगा। ठेकेदार को मरम्मत के निर्देश दिए जाएंगे और यदि निर्माण कार्य में लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों व ठेकेदार पर नियमानुसार कार्रवाई होगी।



**गन्नौर।** डेढ़ साल बाद ही सड़क से उखड़ी परतें। *फोटो :हरिभूमि*

# फिलिस्तीन में नरसंहार बन्द करो: सोलंकी

- वामपंथी पार्टियों एवं संगठनों के कार्यकर्ताओं ने उपायुक्त कार्यालय पर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

वामपंथी पार्टियों एवं न्याय पसंद जन संगठनों के कार्यकर्ताओं ने उपायुक्त कार्यालय सोनीपत पर धरना प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त के माध्यम से एसडीम सोनीपत को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर, फिलिस्तीन में नरसंहार रोकने और इजराइल एवं अमेरिका की तानाशाही पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने प्रधानमंत्री से फिलिस्तीन की मदद करने और इजराइल को चेतावनी देने की मांग की। धरने की अध्यक्षता अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के उपाध्यक्ष कामरेड श्रद्धानंद सोलंकी ने की और संचालन रिटायर कर्मचारी संघ के नेता शीलक राम मलिक ने किया। सम्बोधित करते हुए भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी (माकपा) के जिला सचिव आनंद शर्मा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता हरिओम खटक, इंटक के नेता रणबीर बूरा, सर्व कर्मचारी संघ के प्रधान देशराज नैन, सचिव सुनील दत्त, सीटू नेता छवि ,सुमन, नागरिक अधिकार मंच के संयोजक कपिल देव, मजदूर अधिकार संगठन के नेता शिवा, सलीम जिले सिंह, प्रवीण युवा मोर्चा प्रधान बीकेयू चढूनी आदि ने संबोधित करते हुए कहा कि साम्राज्यवादी देश अमेरिका के इसारे पर इजरायल द्वारा फिलिस्तीन की निर्दोष जनता, स्वास्थ्य व शिक्षा केन्द्रों पर निर्दोष लोगों के घरों पर बमबारी की जा रही है जिसके चलते अभी तक 55 से 60 हजार बच्चों, महिलाओं एवं गरीब निर्दोष लोगों की जान जा चुकी है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार अमेरिका की पिच्छ लग्गु बनी हुई है। वामपंथी पार्टियों, जन-संगठनों, कर्मचारी संगठनों, सामाजिक संगठनों द्वारा पूरे देश में एक दिवसीय धरना देकर मांग की है कि युद्ध, बम बारी तुरन्त बंद की जाए, भारत सरकार को अन्तरराष्ट्रीय मंचों से आवाज उठानी चाहिए, ताकि अमेरिका इजरायल की तानाशाही रोकी जा सके।



लघु सचिवालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।



कार्यक्रम के दौरान माईराम कौशिक, पूर्व मंत्री कविता जैन व पूर्व जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा।

### भाजपा की कार्यशाला संपन्न

**सोनीपत।** भाजपा की महत्वपूर्ण सक्रिय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें संगठनात्मक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यशाला में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने यह संकल्प लिया कि वे अधिक से अधिक पौधारोपण करेंगे तथा योग के प्रति जन-जागरूकता फैलाने हेतु व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करेंगे। कार्यशाला की अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं जिला संयोजक कविता जैन जी ने की, जिनके मार्गदर्शन में संगठन की भावी रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर माईराम कौशिक, पूर्व जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, सोनिया मोर, योगेश पाल अरोड़ा मौजूद रहे।

# महारानी लक्ष्मीबाई को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

मंगलवार को महारानी लक्ष्मीबाई को उनके 167वें बलिदान दिवस को याद किया गया। श्रद्धांजलि समारोह महम रोड गोहाना स्थित गांधीनगर की रविदास चौपाल में आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने महारानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। समारोह की अध्यक्षता मोर्चा के वरिष्ठ नेता सत्यवीर पौडिया ने की। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की अद्वितीय वीरांगना थी। उन्होंने अपने दृढ़ संकल्प और निष्ठा पूर्ण साहस के साथ ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ संघर्ष किया। उनकी वीरता ने भारतीय समाज में महिलाओं को भी अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। सत्यवीर पौडिया ने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई का बलिदान हमें साहस समर्पण और देशभक्ति की महत्वपूर्ण प्रेरणा प्रदान करता है। उनका अद्वितीय पराक्रम स्वाधीनता के प्रति उनके अटल समर्पण का प्रतीक है। रानी लक्ष्मीबाई का नाम हमारे राष्ट्रीय इतिहास में सदैव उनके महान यात्रा का सबूत बना रहेगा। श्रद्धांजलि समारोह में श्री भगवान कलसन, वेदपाल बीरवाल, बलराज, महावीर राठी, सुल्तान सेन, सरोज देवी, तनीषा, संजना, प्रिया, नीलम आदि मौजूद रहे।



महारानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन करते हुए नागरिक।



**गोहाना।** कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक।

### अपनी ड्यूटी ईमानदारी से निभाएं

**गोहाना।** भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक मंगलवार को शहर में सोनीपत रोड सिंचाई विश्राम गृह में आयोजित हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं की एक साथ तीन कार्यक्रमों के लिए ड्यूटियां लगाई गई। भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित होगा। भाजपा कार्यकर्ता मंडल स्तर पर इस कार्यक्रम को धूमधाम से मनाएं और दूसरे लोगों को भी अपने साथ जोड़ें। 23 जून को जनसंघ के संस्थापक श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जन्मदिवस मनाया जाएगा और 29 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का लाइव प्रसारण होगा। कार्यकर्ता इन तीनों कार्यक्रमों में अपनी ड्यूटी ईमानदारी से निभाएं। वे स्वयं भी प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को अवश्य सुनें। बैठक में डॉ. धर्मवीर नांदल, पूर्व विधायक रामफल चिड़ाना, पहलवान योगेश्वर दत, बलराम कौशिक, डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, परमवीर सैनी, नरेंद्र गहलावत, जगबीर जैन, भूपेंद्र मुदगिल, जस्सी खुराना, डॉ. राममेहर राठी, सुमित कक्कड़, कुलदीप कौशिक, सूरजमल शर्मा, अमित बाल्मिकी व फूल खरब मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजपुर और मिडिल स्कूल गढ़ी केसरी में शिक्षकों का प्रशिक्षण शिविर

# प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षण शिविर में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान के महत्त्व, शिक्षण विधियों से परिचित करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजपुर और मिडिल स्कूल गढ़ी केसरी में पांच दिवसीय प्राथमिक शिक्षकों का प्रशिक्षण शिविर खण्ड शिक्षा अधिकारी आज़ाद सिंह दहिया के दिशानिर्देश में हुआ। अलग अलग बैच में 203 अध्यापको को प्रशिक्षित किया गया। शिविर में एफ एल एन के तहत हिन्दी, गणित के साथ-साथ अंग्रेजी भाषा के महत्त्व पर जोर दिया। बी आर सी सुनन्दन कुमार ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए शिक्षकों को एफ़ एल एन (फाउंडेशनशल लिटरेसी एंड न्यूमैरेसी) अर्थात बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान के महत्त्व को समझाना और प्रभावी शिक्षण विधियों से परिचित कराना है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को सत्र पाठ्यपुस्तकों एवं शिक्षक सामग्रियों में परिवर्तनों, शिक्षण चरणों और विद्यार्थियों के अधिगम स्तर को पहचानने एवं सुधारने की विधियों से अवगत कराया गया। हिन्दी भाषा के सभी चार चरणों (मौखिक भाषा, डिकोडिंग, पठन, लेखन) गणित, अंग्रेजी विषय की विभिन्न गतिविधियों द्वारा, शिक्षण तकनीकियों और मूल्यांकन पद्धतियों पर गहन चर्चा कराई गई। निपुण मिशन के अन्तर्गत निपुण लक्ष्य नई पाठ्य पुस्तक व वर्क बुक की समावेशिता, अध्यापक संदर्शिका, नई शिक्षण सामग्री, साप्ताहिक आंकलन, सावधिक आंकलन, स्किल पासबुक, वार्षिक आंकलन आदि विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करना है। एफएलएन कोऑर्डिनेटर शिवाली आंतिल ने बताया इस ट्रेनिंग का लक्ष्य खेल गतिविधियों के द्वारा कक्षा में संघर्षशील छात्रों को मुख्यधारा से जोड़ना है शिक्षकों को छात्रों में रचनात्मक सोच, पढ़ने-लिखने की क्षमता और गुणात्मक दक्षता विकसित करना, अंग्रेजी विषय को भाषा के तौर पर पढ़ाना, विषय को रुचिकर व इसके महत्त्व को समझना शिविर का मुख्य उद्देश्य है।



खण्ड शिक्षा अधिकारी आज़ाद सिंह दहिया प्राथमिक शिक्षकों का प्रशिक्षण शिविर में प्रमाण पत्र वितरित करते हुए ।

### ये रहे मौजूद

प्रशिक्षण शिविर में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में अंजू दहिया, कुसुम, पूजा, ज्योति, ज्योत्सना, मनोज, मीनू , सुचेता ने अपना अहम भूमिका अदा की। प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्था का संचालन सुरजीत खोखर, जगबीर देशवाल, पवन कुमार स्कूल इंचार्ज सीमा द्वारा किया गया।

**सूचना**

मैं, सोमबीर पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी गांव धनाना अहलादपुर तह. गोहाना जिला सोनीपत, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी धर्मपत्नी राधा रानी और मेरी पुत्री यशवनी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**NOTICE**

I, Surender Saroha S/o Late Sh. Maha Singh Saroha R/o H.No. 333, Sector-9, Parsvnath City, Sonipat (Haryana) declare that my son Akash Saroha who is married with Mrs. Nikita D/o Late Sh. Bhal Singh R/o Kami Distt. Sonipat my son Akash his wife are out of my control. So, I disown both of them from my all moveble and immoveble properties. I and my family will not be responsible for there any act and deed in future

## खबर संक्षेप

### महिला ने लगाया मारपीट का आरोप, मामला दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में झगड़े की रंजिश रखते हुए महिला को पीट-पीटकर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव कुंडली निवासी कविता ने बताया कि उनकी गली का निर्माण चल रहा है। गली के निर्माण कार्य को लेकर उनका पड़ोसी अर्जुन से झगड़ा हो गया था। वह इसी बात की रंजिश रख रहा था। उसने गली में पानी डाला तो अर्जुन फिर झगड़ा करने लगा। वह जाने लगी तो अर्जुन ने उसका रास्ता रोक लिया। विरोध करने पर वह मारपीट करने लगा। शोर सुनकर पड़ोसियों ने उसे आरोपित से छुड़वाया। आरोपित उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। उपचार के लिए उसे अस्पताल में लाया गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एचसी धर्मबीर ने बताय कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी में संदिग्ध दिखाई देने की बात सामने आई है। पुलिस ने इस संबंध में जांच कर रही है। जल्द से आरोपितो की पहचार कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# अभियान के तहत सप्ताह में 549 चालान काटे और 12.57 लाख का जुर्माना किया

## यातायात नियमों को लेकर सोनीपत ट्रैफिक पुलिस सख्त, सबसे अधिक 133 चालान लेन ड्राइविंग के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत ट्रैफिक पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा विशेष अभियान लगातार जारी है। आलम ये है कि एक ही हफ्ते में सोनीपत पुलिस ने कुल 549 वाहनों के चालान काट दिए हैं। इन चालान के तहत 12 लाख 57 हजार रुपये का जुर्माना भी किया गया है। इस अभियान में लेन ड्राइविंग नियमों, बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग, ब्लैक फिल्म, बुलेट पटाखा, रेड/ब्लू लाइट और ड्रंक एंड ड्राइव जैसे गंभीर उल्लंघनों पर विशेष फोकस किया गया।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार यह अभियान पुलिस आयुक्त ममता सिंह के नेतृत्व एवं ट्रैफिक पुलिस उपायुक्त परबीना पी. के निर्देशन में चलाया जा रहा है। शहर में लगातार बुलेट पर पटाखे बजाना, ब्लैक फिल्म लगाना, ट्रिपल राइडिंग और तेज रफ्तार से गाड़ी चलाना की शिकायतें मिल रही थी। इन्हीं शिकायतों को देखते हुए यह विशेष अभियान चलाया गया, ताकि शहर में दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके और ट्रैफिक का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जा सके।


**सोनीपत।** चालान काटते हुए पुलिस कर्मी।

| | चालान | जुर्माना राशि |
|---|---|---|
| गलत लेन ड्राइविंग | 133 | 66,500 |
| बिना हेलमेट | 132 | 1,32,000 |
| ट्रिपल राइडिंग | 55 | 55,000 |
| ड्रंक एंड ड्राइव | 54 | 2,70,000 |
| ब्लैक फिल्म | 60 | 6,00,000 |
| रेड/ब्लू लाइट | 18 | 9,000 |
| बुलेट पटाखा | 08 | 80,000 |
| बिना नंबर प्लेट | 89 | 44,500 |
| कुल | 549 | 12,57,000 |

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर फोक्स

अभियान के तहत नेशनल हाइवे – 44 (जीटी रोड), केजीपी, केएमपी, 334बी व गोहाना-पानीपत नेशनल हाईवे जैसे प्रमुख मार्गों पर विशेष निगरानी रखी गई। भारी वाहनों को बाईं लेन में चलने के लिए जागरूक किया।

### नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं होगा

ट्रैफिक उपायुक्त ने दी सख्त चेतावनी

नियमों का उल्लंघन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वाहन चालकों निर्धारित गति सीमा और लेन अनुशासन का पालन करें, साथ ही बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग, शराब पीकर गाड़ी चलाना, ब्लैक फिल्म लगाना और बुलेट से पटाखे बजाने जैसी गतिविधियों से बचें। यातायात नियमों का पालन करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। ट्रैफिक पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**-परबीना पी.**, पुलिस उपायुक्त, ट्रैफिक, सोनीपत



## गर्भपात की दवाई बेचते हुए पकड़ी आशा वर्कर्स

■ पति मुहैया करवाता था दवाइयां

**सोनीपत।** जिले की पीएनडीटी टीम ने जठेड़ी गांव में एमटीपी एक्ट के अंतर्गत रेड डाली, जिसमें एक आशा वर्कर को गर्भपात की दवाइयां बेचते हुए पकड़ा है। आरोपित आशा वर्कर सुमन गांव जठेड़ी की ही रहने वाली है। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि गर्भपात की दवाइयां आशा वर्कर का पति उपलब्ध करवाता था। टीम ने उनके खिलाफ थाना राई में मुकदमा दर्ज करवाया है।

सिविल सर्जन डा. ज्योत्सना ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि जठेड़ी गांव की एक महिला गर्भपात की दवाई खाने के बाद गंभीर हालत में सोनीपत के एक निजी अस्पताल में भर्ती हुई है। जिस पर कार्रवाई करते हुए उन्होंने एक टीम का गठन किया, जिसमें पीएनडीटी के जिला नोडल अधिकारी डा. सुमित कौशिक, चिकित्सा अधिकारी डा. एकता व डीसीओ-2 मुंशीराम को शामिल किया गया। टीम ने मामले की जांच की। जांच के दौरान जठेड़ी की ही सुमन नाम की एक आशा वर्कर गर्भपात की दवाइयां गर्भवती महिलाओं को देती पाई गई, जिसे उसका पति ही गर्भपात की दवाइयां उपलब्ध करवाता था।

## मंदिर के पुजारी ने मारपीट करने और धमकी देने का लगाया आरोप

■ गांव रेवली के पुजारी ने पुलिस में दर्ज करवाई शिकायत

■ स्ट्रीट लाइट ठीक करवाने की बात को लेकर की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव रेवली में स्ट्रीट लाइट खराब होने पर मंदिर के पुजारी से मारपीट व उसके परिजनों को धम व मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित पुजारी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

गांव रेवली स्थित शिव मंदिर के पुजारी मोहन मुरारी ने बताया कि वह मंदिर में बने कमरे में परिवार सहित रहता है। मंदिर के बाहर वाली गली में स्ट्रीट लाइट लगी हुई है। जिसका स्विच मंदिर के अंदर है। वह शाम को स्ट्रीट लाइट जला देते है और सुबह बंद कर देते है। कई दिन से स्ट्रीट लाइट खराब है। ग्रामीण रामपत उसे लाइट ठीक करवाने की बोल रहा था। जिस पर उसने कहा कि नगर निगम को लाइट ठीक करनी है। इस बात पर वह तैश में आ गया। मोहन मुरारी का आरोप है कि 15 जून को वह किसी काम से बाहर गए थे। इसी दौरान उनकी बेटी अंजली ने फोन कर बताया कि रामपत, रणबीर, रोहित, मोहित मंदिर में आकर उनके साथ मारपीट कर रहे है। आरोपितों ने उनके साथ गलत हरकत भी की। जब वह मौके पर पहुंचे तो इसके बाद दोबारा से रामपत, रणबीर, मोहित, रोहित और नारायण उनके कमरे में घुस आए। आरोपितों के पास कुल्हाड़ी और लाठी-डंडे थे। आरोपितों के साथ औरतें भी थी। औरतों ने उसके साथ मारपीट कर जमीन पर गिरा दिया।

## प्रशिक्षण में सीखी बातों को स्कूल में अवश्य करें लागू : प्रदीप राठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

खंड खरखौदा के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खरखौदा में आयोजित पाँच दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय चरण मंगलवार को संपन्न हुआ। यह चरण 12 से 17 जून 2025 तक आयोजित किया गया, जिसमें 78 शिक्षकों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के प्रति अत्यंत उत्साहजनक और सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि नई पाठ्य पुस्तकों की संरचना, गतिविधि आधारित शिक्षण, इएलपीएस पद्धति एवं अधिगम उद्देश्यों को लेकर प्राप्त जानकारी अत्यंत उपयोगी रही। शिक्षकों ने विशेष रूप से प्रशिक्षण में प्रयुक्त शिक्षण विधियों, उदाहरणों और सहभागिता आधारित शैली की सराहना की। समापन सत्र में खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राठी ने सभी प्रशिक्षकों और प्रतिभागियों को सफल प्रशिक्षण के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, यह प्रशिक्षण केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह विद्यालयों में शिक्षण पद्धतियों में वास्तविक परिवर्तन लाने का माध्यम है। आप सभी शिक्षक साथी प्रशिक्षण में सीखी गई बातों को अपने विद्यालय में अवश्य लागू करें, ताकि बच्चों की सीखने की यात्रा अधिक रोचक और प्रभावी बन सके।



## भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : बड़ौक



**गोहाना।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरुण बड़ौक ने कहा कि आज भारत पूरी दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भाजपा ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को मजबूती के साथ साकार किया है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को जाता है।भाजपा नेता अरुण बड़ौक ने कहा कि मोदी सरकार का यह कार्यकाल आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का स्वर्णिम काल है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है। आज भाजपा सरकार में विकास, अविष्कार और नवाचार की विचारधारा पर काम हो रहा है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति से पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह पीएम मोदी के नेतृत्व में बदलता हुआ नया भारत है।

## यश नौकायन विश्व कप में दिखाएगा दमखम

■ आईसीएफ बोट वर्ल्ड कप प्रतियोगिता चीन में होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

रौनक पब्लिक स्कूल के 12वीं कक्षा के छात्र यश धनखड़ ने चीन में आयोजित आई. सी. एफ. बोट वर्ल्ड कप प्रतियोगिता में भाग लेगा। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रजनी शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने से यश को न केवल अपने कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा, बल्कि उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुभव प्राप्त करने का भी मौका मिलेगा। उन्होंने यश के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वह अपने कौशल और मेहनत के बल पर इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगा। शर्मा ने यश के माता-पिता और कोच को भी बधाई दी, जिन्होंने यश को इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यश की इस उपलब्धि से विद्यालय का नाम रौशन हुआ है और अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिली है।



## मामूली कहासुनी में पड़ोसियों ने कई को पीटकर किया घायल

**खरखौदा।** बरोना गांव में मामूली कहासुनी को लेकर एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के कई लोगों को पीटकर घायल कर दिया। रिंकू ने बताया कि उनके घर के पास गलत तरीके से बिजली खंभे लगाने को लेकर पड़ोसियों से कहा सुनी हो गई। गली के साइड में पड़ोसी अपने वाहन खड़े कर देते हैं। जब वह अपने वाहन गली से लेकर गुजरते हैं तो दूसरी तरफ बिजली का खंबा होने के कारण परेशानी होती है। जब वह उसका भाई रिंकू ,हरपाल पड़ोसियों को गली से वाहन हटाने की बात करते हैं तो वह झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं। इसी बात को लेकर पड़ोसी रोहित ने लगभग 8 युवकों को बुला लिया। युवक अपने हाथों में लाठी डंडे व कस्सी लेकर उनके घर में घुसकर मारपीट करने लगे। जिसमें उसे, उसके भाई हरदीप व रिंकू को घायल कर दिया। घायल अवस्था में उन्हें खरखौदा के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उन्हें पीजीआई रोहतक रेफर किया है। हरदीप की हालत गंभीर होने के कारण उसे इलाज के लिए दिल्ली भेजा गया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत छह लोगों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कार्यकर्ता ही पार्टी के मजबूत स्तम्भ : गायकवाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

एआईसीसी ऑब्जर्वर एवं सांसद प्रो. वर्षा गायकवाड़ और पूर्व विधायक संत कुमार ने मंगलवार को गोहाना में सोनीपत रोड स्थित सिंचाई विश्राम गृह में बरोदा हलका पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जनसंवाद किया। कार्यक्रम में प्रदेश में कांग्रेस पार्टी का एक मजबूत संगठन खड़ा करने की नीतियों पर मंथन किया गया।

अध्यक्षता बरोदा हलका विधायक इंदुराज नरवाल ने की। प्रो. वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ता पार्टी का मजबूत स्तम्भ हैं। कार्यकर्ता जितनी निष्ठा एवं ईमानदारी से काम करेंगे पार्टी का संगठन उतना ही मजबूत होगा। हरियाणा प्रदेश में पार्टी का मजबूत संगठन खड़ा करने के लिए पार्टी कार्यकर्ता जन-जन तक अपनी पकड़ मजबूत बनाएं। बैठक में बूथ स्तर से लेकर खंड स्तर तक के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, इंटक, कांग्रेस सेवादल, एनएसयूआई, केकेसी, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन सहित कांग्रेस की अन्य इकाइयों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में पूर्व विधायक जगबीर मलिक, जीता हुड्डा, प्रदीप चहल, अनूप मलिक, परमेंद्र जौली, पूर्व सरपंच सिकंदर और जगशेर नूरनखेड़ा आदि मौजूद रहे।

**फैसले का होगा स्वागतः** विधायक इंदुराज नरवाल ने प्रस्ताव रखा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा जिसे भी कांग्रेस जिलाध्यक्ष की कमान सौंपेंगे वह निर्णय सर्वमान्य होगा।


**गोहाना।** प्रो. वर्षा गायकवाड़ को फूलों का गुलदस्ता भेंट करते हुए विधायक इंदुराज नरवाल। फोटो : हरिभूमि

## बंद घर से आभूषण व नकदी चोरी सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

सोनीपत। शहर थाना क्षेत्र की चौहान कॉलोनी स्थित मकान से आभूषण व जेवरात के चोरी होने का मामला सामने आया है। वारदात के समय खाटू श्याम मंदिर में दर्शन के लिए गए। परिवार के घर से सवा लाख रुपये व आभूषण चोरी किए गए हैं। वारदात का पता तब लगा जब महिला का भतीजा ड्यूटी से लौटकर घर पहुंचा। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। चौहान कॉलोनी निवासी मीनू ने पुलिस को बताया कि वह 13 जून को अपने पूरे परिवार के साथ खाटू श्याम मंदिर में दर्शन के लिए गई हुई थी। घर पर ताला लगा हुआ था। सोमवार को जब उनका भतीजा लक्ष्य ड्यूटी से वापस आया तो उसने देखा कि घर का मुख्य ताला टूटा हुआ है और अंदर कमरों का सामान बिखरा पड़ा है। सीढ़ियों के पास लगी जाली भी कटी थी। मीनू ने बताया कि सूचना मिलते ही वह घर पहुंचीं और सामान की जांच की। अलमारी के टूटे हुए लॉकर से चोर करीब सवा लाख रुपये, सोने के दो कड़े, एक मंगलसूत्र, दो चेन, पांच अंगूठियां, चांदी की पांच जोड़ी पायल और छह चांदी के सिक्के चोरी मिले। मामले को लेकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## परिचालक से मारपीट मामलाः आरोपितों को गिरफ्तार करके की जाए कार्रवाई

**गोहाना।** ऑल हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ ने फतेहाबाद डिपो के चालक और परिचालक पर बदमाशों द्वारा हमला करने की कड़ी निंदा की है। संघ ने आरोपितों को शीघ्र गिरफ्तार करके कार्रवाई की मांग की। ऑल हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ और साझा मोर्चा के वरिष्ठ नेता अशोक खोखर ने कहा कि बदमाशों द्वारा फतेहाबाद डिपो के चालक और परिचालक पर अग्रोहा में लाठी व डंडों से हमला करना एक निंदनीय घटना है। पुलिस आरोपितों को शीघ्र गिरफ्तार करके उनके खिलाफ कार्रवाई करे। अशोक खोखर ने कहा कि इस घटना के विरोध में फतेहाबाद डिपो द्वारा हड़ताल की गई। ऑल हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ और साझा मोर्चा इस हड़ताल का समर्थन करता है। कर्मचारी नेता अशोक खोखर ने चेतावनी दी कि अगर आरोपितों को 17 जून रात्रि 12 बजे तक गिरफ्तार नहीं किया गया तो यह आंदोलन पूरे प्रदेश में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चालक-परिचालकों पर बार-बार हमले हो रहे हैं। पिछले दिनों जिरकपुर में भी चालक और परिचालक पर तलवार से हमला किया गया था। उक्त आरोपित के खिलाफ भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### खिजरपुर जाट माजरा में तालाब से पानी निकासी न होने से रोष

# धुनी लगाकर धरने पर बैठे पार्षद और बीडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव खिजरपुर जाट माजरा में तालाबों की पानी निकासी व्यवस्था न होने से परेशान ग्रामीणों की समस्या अब प्रदर्शन के रूप में सामने आ रही है। इस मुद्दे को लेकर सोमवार को जिला पार्षद संजय बड़वासनिया और ब्लॉक समिति सदस्य विकास शर्मा ने बीडीपीओ कार्यालय पर तपती धूप में बाबा वाला धुना लगाकर अनोखे अंदाज़ में धरना प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि गांव में तीन पाउंड सिस्टम के तहत लगभग 50-60 लाख रुपये की लागत से तालाब बनाए गए, लेकिन उन तालाबों में पानी निकासी की कोई भी व्यवस्था नहीं की गई। परिणामस्वरूप बारिश के मौसम में तालाबों का पानी गांव में भर जाता है, जिससे गांव दलदल में तब्दील हो जाता है और बदबू व मच्छरों से लोग त्रस्त हैं। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने बताया कि वे पिछले ढाई वर्षों से इस मुद्दे को जिला परिषद की बैठकों में उठाते आ रहे हैं। उन्होंने 13 अप्रैल को भी इस विषय में शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसकी जांच के लिए पंचायती राज विभाग के एसडीओ सचिन कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई थी, लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं की गई।


**सोनीपत।** बीडीपीओ कार्यालय पर धुना लगाकर प्रदर्शन करते जिला पार्षद व अन्य।

### भ्रष्टाचार के लगाए आरोप

जिला पार्षद ने अधिकारियों पर भ्रष्टाचार और मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाते हुए खुले मंच पर बहस की चुनौती भी दी। उन्होंने कहा कि जनता के पैसों का दुरुपयोग हो रहा है, अधिकारी मनमानी कर रहे हैं और आम आदमी की कोई सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय पर कार्यवाही नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। मौके पर पहुंचे बीडीपीओ अंकुर और एसडीओ सचिन कुमार ने प्रदर्शनकारियों को 5 दिन के भीतर पानी निकासी कार्य शुरू करवाने का आश्वासन दिया। आश्वासन मिलने के बाद लगभग दो घंटे चले इस धरने को समाप्त किया गया। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने अंत में स्पष्ट किया, "यदि पांच दिन के भीतर कार्य शुरू नहीं हुआ, तो हम फिर से इसी प्रकार का विरोध प्रदर्शन करेंगे, और इस बार लड़ाई और बड़ी होगी।"


**गोहाना।** विधायक को मांगपत्र सौंपते हुए कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि।*

## कौशल कर्मियों को मिले जॉब सिक्योरिटी सेवा अवधि में भी की जाए बढ़ोतरी

**गोहाना।** पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की जनस्वास्थ्य शाखा ने अपनी मांगें पूरी करवाने के लिए मंगलवार को बरोदा हलका के कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल को मांगपत्र सौंपा। राज्य प्रैस सचिव अनिल मलिक ने कहा कि विभागीय कर्मचारियों की कई लंबित मांगें हैं जिनको सरकार पूरा नहीं कर रही है। कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगें पूरी करवाने के लिए विधायकों, सांसदों और मंत्रियों को मांगपत्र सौंपे जा रहे हैं। अनिल मलिक ने कहा कि सरकार पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाए, हरियाणा कौशल रोजगार निगम, टर्म, अपाइंटी, दैनिक भोगी, पंचायत के अधीन व अन्य सोर्स कर्मचारियों को 2024 अधिनियम के तहत नौकरी सुरक्षा दी जाए। कर्मचारियों को 2020 से 2023 तक कि एलटीसी का भुगतान किया जाए, केंद्र के समान वेतन व भत्ते लागू किए जाएं और वर्ष 2016 से बकाया एचआरए का भुगतान किया जाए। चतुर्थ श्रेणी पदोन्नति होने पर इंक्रीमेंट दी जाए।

## फैक्ट्री कर्मी के पैरों के ऊपर से उतरी लिफ्टिंग की गाड़ी, गंभीर

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में स्थित फैक्ट्री में काम करते समय कर्मचारी को लिफ्टिंग मशीन (गाड़ी) ने टक्कर मार दी। हादसे में गाड़ी कर्मचारी के दोनों पैरों के ऊपर से गुजर गई। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने घायल के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

रामपुर शाहजांर उत्तर प्रदेश निवासी दिनेश ने बताया कि वह टोयो स्प्रिंग कंपनी में काम करता है। वह 13 जून को फैक्ट्री में काम कर रहा था। इसी दौरान लिफ्टिंग गाड़ी के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाकर उसे सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह जमीन पर गिर गया। जब तक संभल पाता। गाड़ी के टायर उसके पैरों के ऊपर से उतर गए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने दिनेश के भाई सुरेंद्र के बयान पर आरोपित चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी धर्मबीर अधिकारी ने बताया कि स संबंध में कार्रवाई की गई है।